समयबद्ध प्रकरण

फैक्स

संख्या- 1/3325/अड़तीस-7-2013-05-(याचिका समिति)/2013

प्रेषक,

उमा कान्त पाठक,

अनु सचिव,

उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी/अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक,

बहराइच।

ग्राम्य विकास अनुभाग-7 **लखनऊ: दिनांक: 29 नवम्बर, 2013**

विषय:-जनपद-बहराइच में विकास खण्ड- पयागपुर के ग्राम- पयागपुर में बडना तालाब का बरसात का पानी निकालने के लिए 500 मीटर पक्का नाले का निर्माण कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या- 3433/अडतीस-7-2013-05(याचिका समिति) /2013, दिनांक 23-10-2013 की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश विधान सभा की याचिका समिति की बैठक दिनांक 09-10-2013 में मा0 समिति द्वारा दिये गये निर्देश के अनुसार प्रश्नगत नाले के निर्माण के संबंध में कृत कार्यवाही से शासन को अभी तक अवगत नहीं कराया गया है

2- अत: अनुरोध है कि प्रकरण में कृत कार्यवाही से शासन को प्रत्येक दशा में दिनांक 03-12-2013 तक अवश्य अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(उमा कान्त पाठक)

अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in